पंजाब केसरी 27/11/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित शेयर बाजार परिचालन कार्यशाला में पहुंचे मुख्य वक्ता और विद्यार्थी। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में शेयर बाजार परिचालन पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 26 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा मंगलवार को शेयर बाजार परिचालन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त और संयोजिका डा. अनुराधा श्योकंद के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यशाला में विभिन्न कॉलेजों से आए 60 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया जो इस विषय पर विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए बेहद उत्साहित थे।

कार्यक्रम में शिवांग अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करके छात्रों को शेयर बाजार की कार्यप्रणाली, ट्रेडिंग प्रक्रिया तथा निवेश की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मंच संचालन प्रो. जसमिता हांडा ने किया एवं प्रो. रितिका ने सभी तकनीकी पहलुओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया।

कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग की डा. पिंकी गुप्ता एवं डा. सुमन ने भी महत्वपूर्ण अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में छात्रों ने शेयर बाजार के व्यावहारिक पहलुओं को समझा एवं मुख्य वक्ता शिवांग अग्रवाल के साथ संवाद करके अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर संयोजिका डा. अनुराधा श्योकंद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।